बिज़नेस भास्कर

बिजनेस ब्रीफ

एनपीएसः 1 दिस. से स्कीम दिखाने के नियम बदलेंगे

मुंबई| पीएफआरडीए ने एनपीएस योजनाओं के नाम और ऑनलाइन प्रदर्शन के नियम स्पष्ट किए हैं। बदलाव एक दिसंबर से लागू होंगे। खाता खोलने की सुविधा देने वाले सामान्य पीओपी प्लेटफॉर्म को ग्राहक की चुनी श्रेणी में सभी पेंशन फंडों की योजनाएं दिखानी होंगी। एमएसएफ योजनाओं के नाम में ए से ई तक श्रेणी कोड नहीं होंगे। विज्ञापनों में नाम के साथ पूरी लागू श्रेणी बतानी होगी।

लेंसकार्टः मुनाफा दोगुना बढ़ा, 232.5 करोड़ रुपए

मुंबई | चश्मे बेचने वाली कंपनी लेंसकार्ट का सितंबर तिमाही में मुनाफा दोगुना बढ़कर ₹232.5 करोड़ रहा। ऑपरेशन से आय 36% बढ़कर ₹2,845 करोड़ पहुंची, जबकि कुल खर्च 31% बढ़कर 2,596.8 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने देश में शुद्ध रूप से 143 नए स्टोर जोड़े, इनमें 94 टियर-2 और उससे छोटे शहरों में हैं। अब 665 शहरों में इसके 2,868 स्टोर हैं।

प्रिकोल का तिमाही लाभ 33% बढ़कर 85 करोड़

मुंबई | ऑटो कलपुर्जे बनाने वाली प्रिकोल का सितंबर तिमाही में समेकित शुद्ध मुनाफा सालाना 33% बढ़कर ₹85.21 करोड़ रहा। परिचालन आय 35% बढ़कर ₹1,334 करोड़ पहुंची। अप्रैल-सितंबर में शुद्ध मुनाफा 34% बढ़कर 152.23 करोड़ रुपए रहा। चेयरमैन विक्रम मोहन ने कहा कि कंपनी का जोर परिचालन दक्षता पर है।

एम्ब्रेयर से 100 जेट की डील कर रही है इंडिगो

नई दिल्ली | इंडिगो एयरलाइन ब्राजील की विमान निर्माता एम्ब्रेयर से 100 रीजनल जेट खरीदने के लिए बातचीत कर रही है। सौदा तय होने पर डिलीवरी 2030 से शुरू हो सकती है। अरबों डॉलर की यह डील एम्ब्रेयर के सबसे बड़े ऑर्डर में से एक होगी।

जॉन डियर ने एक साल में बेचे एक लाख ट्रैक्टर

नई दिल्ली| जॉन डियर इंडिया ने एक वित्त वर्ष में भारत में एक लाख से अधिक ट्रैक्टरों की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी के एमडी राजेश सिन्हा ने कहा कि कंपनी भारतीय कृषि की जरूरतों के अनुसार अलग-अलग फसल, खेती के तरीके और कृषि-जलवायु परिस्थितियों के लिए समाधान विकसित कर रही है। 110 से अधिक देशों में अपने उत्पादों का निर्यात भी करती है। पुणे और देवास में कंपनी के ट्रैक्टर निर्माण संयंत्र, पुणे में इंजीनियरिंग एवं एंटरप्राइज टेक्नोलॉजी सुविधा और इंदौर में पार्ट्स वितरण केंद्र है।

लोन बाजार • जमा पर ब्याज घटा, कर्ज महंगा हुआ, फिर भी बैंक लोन में 19.4% की तेजी

एफडी-शेयर गिरवी रख कर्ज लेने का ट्रेंड; एफडी पर लोन ग्रोथ 3.7 गुना, शेयर-बॉन्ड पर 6.5 गुना

भास्कर न्यूज| मुंबई

बैंक में पैसा रखने वालों के लिए ब्याज घटा है और कर्ज लेने वालों के लिए थोड़ा बढ़ा है। फिर भी कर्ज की मांग थमी नहीं है। यह मौसम आमतौर पर कर्ज के कारोबार के लिए सुस्त रहता है, लेकिन मार्च से सितंबर 2026 तक बैंकों का कुल कर्ज एक साल पहले की तुलना में 19.4% बढ़ गया। पिछले साल यह बढ़त महज 11.4% थी। सुस्त सीजन में भी बैंक कर्ज की बढ़त पिछले साल से करीब दोगुनी रही। यह बात बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में सामने आई है।

सबसे दिलचस्प बदलाव उन लोन में दिखा, जो लोग अपनी एफडी या शेयर-बॉन्ड गिरवी रखकर लेते हैं। एफडी के बदले कर्ज की सालाना बढ़त 14.3% से छलांग लगाकर 53.3% पर पहुंच गई, यानी करीब 3.7 गुना। शेयर-बॉन्ड जैसे निवेश के बदले व्यक्तियों को मिले कर्ज की बढ़त 3.4% से बढ़कर 22.2% हो गई, यानी करीब 6.5 गुना। यानी लोग अपनी जमा-पूंजी या निवेश बेचने के बजाय उसे गिरवी रखकर पैसे का इंतजाम कर रहे हैं।

गोल्ड लोन 82.6% बढ़ा, होम लोन और क्रेडिट कार्ड बकाया की बढ़त कुल कर्ज से कम

एनबीएफसी को कर्ज सर्वाधिक 42% बढ़ा

सेक्टर	सितंबर 2025	सितंबर 2026
कुल बैंक कर्ज	11.4%	19.4%
कृषि	8.9%	19.5%
उद्योग	7.7%	19.5%
बड़े उद्योग	2.9%	16.0%
मध्यम उद्योग	14.3%	33.2%
सेवा क्षेत्र	9.9%	28.3%
एनबीएफसी	3.7%	41.8%
पर्सनल लोन	11.5%	17.3%

बड़े उद्योगों में तेजी, मझोले सबसे आगे

- बड़े उद्योगों की कर्ज वृद्धि 2.9% से 16% पहुंची। मध्यम उद्योग 33.2% वृद्धि के साथ औद्योगिक श्रेणियों में आगे रहे।
- एनबीएफसी को सबसे ज्यादा कर्ज। यानी बैंक अब बड़े पैमाने पर उन गैर-बैंकिंग कंपनियों को पैसा दे रहे हैं जो आगे आम लोगों और छोटे कारोबारियों को कर्ज देती हैं।

जानिए कंज्यूमर लोन में कहां सबसे तेज हुई उधारी?

कैटेगरी	सितंबर 2025	सितंबर 2026
एफडी के बदले कर्ज	14.3%	53.3%
शेयर-बॉन्ड के बदले कर्ज	3.4%	22.2%
गोल्ड ज्वेलरी लोन	124.8%	82.6%
वाहन कर्ज	6.1%	15.5%
आवास कर्ज	10.1%	11.5%
क्रेडिट कार्ड बकाया	3.7%	7.2%
शिक्षा कर्ज	14.0%	12.8%
कंज्यूमर ड्यूरेबल्स	-6.1%	4.6%
अन्य पर्सनल लोन	7.3%	15.6%

गोल्ड लोन की रफ्तार सुस्त पड़ने के संकेत दिखे

सोने के आभूषणों के बदले कर्ज 82.6% बढ़ा। पर्सनल लोन की कैटेगरी में यह सबसे तेज वृद्धि है। हालांकि, पिछले साल 124.8% वृद्धि के मुकाबले रफ्तार 42.2 प्रतिशत अंक घटी है।

सोर्सः बैंक ऑफ बड़ौदा

एफडी पर ब्याज 0.46% अंक घटा, कर्ज पर 0.11% अंक बढ़ा

- मार्च से सितंबर 2026 के बीच बैंकों ने नई जमा पर ब्याज घटाया, जबकि नए कर्ज की दर में मामूली बढ़त की। सभी बैंकों में नई एफडी की औसत दर 6.07% से घटकर 5.61% रह गई, यानी 0.46 प्रतिशत अंक की कमी।
- नए कर्ज की औसत दर 8.40% से बढ़कर 8.51% हुई, यानी सिर्फ 0.11 प्रतिशत अंक का इजाफा। समूह के हिसाब से देखें तो सरकारी बैंकों में एफडी दर 6.44% से घटकर 6.10% हुई, जबकि कर्ज दर 7.84% से 7.93% पर पहुंची।

निजी बैंकों जमा पर ज्यादा कटौती की... निजी बैंकों में सबसे बड़ी कटौती दिखी, जहां एफडी दर 6.26% से गिरकर 5.76% रह गई और कर्ज दर 9.12% से बढ़कर 9.19% हुई। विदेशी बैंकों में एफडी दर 5.00% से 4.64% हुई, पर कर्ज दर 7.85% से घटकर 7.76% रह गई।

100 की कमाई में 13 कर्ज चुकाने में जा रहे

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय परिवारों पर कर्ज का बोझ उनकी आय से तेज बढ़ रहा है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च तक एक साल में परिवारों की उधारी 36% बढ़ी। कुल घरेलू कर्ज जीडीपी के 46% पर पहुंचा।

आय से चार गुना तेज बढ़ा कर्जः सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस के अनुसार, 2025-26 में उधारी की वृद्धि दर, खर्च और बचत के लिए उपलब्ध आय की वृद्धि दर से करीब चार गुनी रही।

कर्ज चुकाने में आय का बड़ा हिस्साः सीएलएसए के मुताबिक, मार्च 2025 तक के साल में परिवारों की हर 100 की आय में 13 कर्ज चुकाने में गए। यूएस, ब्रिटेन और चीन में 8 से 9 रु. है।

फेस्टिव सीजन • छोटे शहरों से आ रही है बड़ी मांग

ड्राई फ्रूट आयात 12% बढ़ा, काजू की मांग सबसे ज्यादा

भास्कर न्यूज | मुंबई



त्योहारी सीजन में ड्राई फ्रूट्स, चॉकलेट, शहद में लिपटे मेवे और बटर बिस्किट की मांग बढ़ी है। कारोबारियों के मुताबिक, ऊंची कीमतों के बावजूद मांग पिछले साल से 10-12% अधिक है। महानगरों के साथ छोटे शहरों के ग्राहक भी इनकी खरीदारी कर रहे हैं।

नट्स एंड ड्राई फ्रूट्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एनडीएफसीआई) के मुताबिक 5% जीएसटी दर से इनकी खरीद ज्यादा किफायती हुई है, जिससे बाजारों में बटर बिस्किट, हनी-कोटेड नट्स और इम्पोर्टेड चॉकलेट्स की मांग तेजी से बढ़ी है।

कारोबारियों के मुताबिक पश्चिम एशिया में संघर्ष से आपूर्ति में बाधा, बढ़ा मालभाड़ा और कमजोर रुपया आयात महंगा कर रहे हैं। इससे इनकी कीमतों पर दबाव बढ़ा है। हैदराबाद के बेगम बाजार में अमेरिकी बादाम 880 से बढ़कर 1,230 रुपए किलो और पिस्ता 1,500 से 2,000 रुपए किलो पहुंच गया है।

पहुंच • ऑनलाइन माध्यमों से आसान हुई खरीद

फोरम ऑफ इंडियन फूड इंपोर्टर्स के संस्थापक निदेशक अमित लोहानी कहते हैं, 'टियर-2 और टियर-3 शहरों के जुड़ने से चीज, चॉकलेट और मेवों की मांग बढ़ रही है। ग्राहक अलग तरह के, ज्यादा प्रोटीन वाले गिफ्ट पैक चाहते हैं।' जैन के मुताबिक, कई परिवार मेवों से भरपूर और हल्की मिठाइयां चुन रहे हैं। मिठाई कारोबारी भी अपनी त्योहारी पेशकश में काजू को जगह दे रहे हैं। बिक्री बढ़ाने के लिए कारोबारी अब ऑनलाइन और डिजिटल प्लेटफॉर्म का भरपूर सहारा ले रहे हैं।

मांग • सालभर के ड्राई फ्रूट्स आयात का 45% 5 माह में

वर्ष 2025 में अगस्त-दिसंबर के दौरान सालभर के 45% ड्राई फ्रूट्स आयात हुए। इस अवधि में खजूर का आयात 29.92 करोड़ किलो रहा, जो 2024 में 26.58 करोड़ किलो था। बादाम का आयात 12.35 करोड़ किलो और अखरोट का 3.65 करोड़ किलो रहा। हालांकि, काजू का आयात 55.39 करोड़ किलो रहा, जो पिछले साल के 55.87 करोड़ किलो से थोड़ा कम था।

नायका का मुनाफा 3 गुना बढ़कर 101 करोड़; ग्राहक 1 साल में 46 लाख बढ़े

मुंबई| ब्यूटी उत्पादों की खरीदारी में बढ़ोतरी का बड़ा आधार ज्यादा ग्राहकों का जुड़ना बन रहा है। नायका के ब्यूटी कारोबार में पिछले 12 महीनों के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहकों की संख्या सितंबर 2026 तक 2.21 करोड़ पहुंच गई। एक साल पहले यह 1.75 करोड़ थी। यानी सालाना खरीदारों की संख्या करीब 46 लाख (26%) बढ़ी। जुलाई-सितंबर तिमाही में औसत ऑर्डर मूल्य यह ₹2,049 से बढ़कर ₹2,149 हुआ। यानी प्रति ऑर्डर मूल्य करीब ₹100 (5%) बढ़ा। नायका की मूल कंपनी एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स की तिमाही परिचालन आय 28% बढ़कर ₹3,006 करोड़ रही। शुद्ध मुनाफा 207% बढ़कर ₹101 करोड़ हो गया। ब्यूटी कारोबार का तिमाही शुद्ध बिक्री मूल्य 28% बढ़कर ₹2,536 करोड़ रहा। पहले से चल रहे स्टोरों की बिक्री 20% से ज्यादा बढ़ी, जो छह तिमाहियों में सबसे मजबूत वृद्धि है। ब्यूटी स्टोर एक साल में 265 से 338 हो गए।

मांग • आयात 2 साल के उच्चतम स्तर पर

सस्ता पाम तेल देख कंपनियों की रिकॉर्ड खरीदी, भरा स्टॉक

भास्कर न्यूज | मुंबई/नई दिल्ली

अक्टूबर में देश का खाद्य तेल आयात 13% बढ़कर 17.4 लाख टन पहुंच गया, जो बीते 2 साल में सबसे ज्यादा है। रिफाइनर्स ने दिवाली पर मिठाइयों और स्नैक्स की खपत के लिए स्टॉक बढ़ाया, जिससे पाम तेल आयात 14 महीने के रिकॉर्ड 8.66 लाख टन और सोयाबीन तेल का आयात 6.53 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सनविन ग्रुप के सीईओ संदीप बाजोरिया के अनुसार, अन्य तेलों के मुकाबले पाम ऑयल अभी भी सस्ता मिल रहा है, जिससे नवंबर में भी इसका आयात ऊंचा बना रहेगा। वहीं जीजीएन रिसर्च के मैनेजिंग पार्टनर राजेश पटेल के मुताबिक, अल नीनो से फसल को नुकसान के चलते सीमित सप्लाई की चिंता ने मांग बढ़ाई है। सरकार द्वारा सितंबर में बेसिक इंपोर्ट ड्यूटी घटाने से भी खरीदारी तेज हुई।

हिस्सेदारीः कुल आयात में आधी पाम ऑयल की

तेल	आयात	बदलाव
पाम ऑयल	8.66	6% बढ़ा
सोयाबीन	6.53	ऑल-टाइम हाई
सूरजमुखी	2.23	100% (दोगुना)
कुल आयात	17.4	13% बढ़ा

आयात लाख टन में

चीनी ₹4/किलो महंगी, बीते साल से ₹13 तक महंगी है

त्योहारी सीजन में सप्लाई सुधारने के सरकारी प्रयासों के बावजूद पिछले एक महीने में चीनी के दाम रिटेल और थोक बाजारों में ₹4/किलो से ज्यादा बढ़ गए हैं। उपभोक्ता मामले मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, औसत दैनिक रिटेल कीमत ₹59.50 रुपए और थोक कीमत ₹55.40 किलो रही। एक साल पहले की तुलना में दाम 12 से 13 रुपए तक उछले हैं।

- कोलकाता में खुदरा भाव सबसे ज्यादा 65 रुपए प्रति किलो रहा। चीनी की कीमतों में तेजी की वजह उत्पादन अनुमान से कम रहना, त्योहारी मांग, फसल नुकसान और जमाखोरी है।

अमेरिका में चुनाव बाद अंतरराष्ट्रीय तेजी से सोना 3500, चांदी 9300 रुपए महंगी हुई


बिजनेस रिपोर्टर | जयपुर

SKJ Jewellers VAISHALI NAGAR 0141-4005001 VIDHYADHAR NAGAR 0141-2820777

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की जीत के बाद राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ने की आशंका से निकली खरीदारी के बूते बुधवार वैश्विक बाजार में सोना-चांदी में उछाल देखने को मिला। इसके असर से जयपुर सर्राफा बाजार में एक दिन में सोना स्टैंडर्ड 3,500 तथा 22 कैरेट जेवराती सोना 2,900 रुपए प्रति दस ग्राम महंगा हो गया। चांदी में 9,300 रुपए प्रति किलोग्राम का उछाल रहा। वहीं, अमेरिका में मध्यावधि चुनाव के नतीजों के बाद अमेरिकी वायदा एक्सचेंज कॉमेक्स में दिसंबर डिलीवरी सोना 101.80 डॉलर बढ़कर 4,042.20 डॉलर तथा दिसंबर डिलीवरी चांदी 2.137 डॉलर की तेजी से 51.890 डॉलर प्रति आउंस पर ट्रेड कर रही थी। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, सोने की दीर्घकालिक मजबूती का आधार चुनाव बाद अमेरिका की बिगड़ती वित्तीय स्थिति निर्भर करेगा। लगातार बढ़ता राजकोषीय घाटा और सरकारी कर्ज पर ब्याज भुगतान का बढ़ता बोझ अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर दबाव बनाए रखेगा। इससे भविष्य में फेडरल रिजर्व को मौद्रिक नीति में नरमी लानी पड़ सकती है। इसका फायदा सोने को होगा। वहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत बढ़ती है तो स्थानीय बाजार में भी सोना-चांदी महंगे होंगे। इससे वेडिंग सीजन के दौरान खरीदारों को वर्तमान स्तर से ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। इसके अलावा धनतेरस और दिवाली पर कम कीमत पर आभूषण खरीदने की उम्मीद पाले बैठे खरीदारों को भी मौजूदा तेजी से झटका लगा है।

सर्राफा ट्रेडर्स कमेटी, जयपुर के भाव : चांदी (999) 193.3 रुपए प्रति ग्राम। सोना स्टैंडर्ड 14,550, 22 कैरेट सोना जेवराती 13,430, 18 कैरेट जेवराती सोना 1,1350 और 14 कैरेट जेवराती सोना 10,080 रुपए प्रति ग्राम।

द वॉच फैक्ट्री के संस्थापक चंदनानी फोर्ब्स सूची में



जयपुर| युवा उद्यमी और द वॉच फैक्ट्री के संस्थापक लितेश चंदनानी को फोर्ब्स इंडिया पत्रिका में स्थान दिया गया है। इसके विशेष लेख में चंदनानी के विजन और लग्जरी वॉच रिटेल के अनुभव को रेखांकित किया गया है। उन्होंने लग्जरी घड़ियों की खरीदारी का बेहतर अनुभव ग्राहकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस कारोबार की शुरुआत की थी।

Mayur Uniquoters Limited

Regd. Office and Works: Jaipur Sikar Road, Village Jaitpura, Distt. Jaipur-303704 (Raj.) India.
Tel: 91-1423-224001 **Fax:** 91-1423-224420 **CIN No.** L18101RJ1992PLC006952 **E-Mail:** secr@mayur.biz

Extract of Consolidated Financial Results for the Quarter and Half Year Ended 30th September 2026

(Rs. in Lakhs, except stated)

YoY Income up 15%

YoY PBIDT up 38%

YoY PAT up 42%

S.No.	Particulars	Quarter Ended			Half Year Ended		Year Ended
		30.09.2026 (Unaudited)	30.06.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.03.2026 (Audited)
1	Total Income from Operations	29,206.02	29,219.20	25,315.01	58,425.22	48,858.83	102,207.62
2	Operating Profit (PBIDT)	8,708.68	8,190.18	6,332.43	16,898.86	12,587.08	28,973.54
3	Net Profit/ (Loss) for the period Before Tax	7,931.43	7,411.79	5,561.01	15,343.22	11,058.49	25,898.23
4	Net Profit / (Loss) for the period After Tax	5,799.24	5,611.93	4,084.38	11,411.17	8,157.29	19,174.00
5	Total Comprehensive Income for the period	5,879.41	5,782.51	4,275.48	11,661.92	8,349.79	19,865.61
6	Equity Share Capital (of Rs. 5/- each)	2,172.63	2,172.63	2,172.63	2,172.63	2,172.63	2,172.63
7	Other Equity (Reserves)	-	-	-		-	111,077.52
8	Earning Per Share:						
	- Basic (in Rs.)	13.35	12.92	9.40	26.26	18.77	44.13
	- Diluted (in Rs.)	13.35	12.92	9.40	26.26	18.77	44.13

Notes: *Standalone Financial Information of the Company, pursuant to Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR):

S.No.	Particulars	Quarter Ended			Half Year Ended		Year Ended
		30.09.2026 (Unaudited)	30.06.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.03.2026 (Audited)
1	Turnover	25,299.41	24,702.88	23,776.17	50,002.29	44,417.35	94,170.96
2	Operating Profit (PBIDT)	7,812.79	8,549.35	7,226.43	16,362.14	13,508.52	30,307.10
3	Profit before Tax	7,046.40	7,779.13	6,462.87	14,825.53	11,994.54	27,262.30
4	Profit after Tax	5,127.39	5,895.17	4,810.12	11,022.56	8,932.82	20,296.97

*The above is an extract of the detailed format of Quarter and Half Year Ended Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Standalone and Consolidated Quarterly and Half Yearly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.nseindia.com and www.bseindia.com, and also on Company's website at www.mayuruniquoters.com


PU Garments


Handbag

Place: **Jaipur**
Date: **November 04, 2026**

For and on behalf of the Board of Directors
Suresh Kumar Poddar
Chairman & Managing Director & CEO
DIN-00022395


Automotive


Footwear


Furnishing


Marine Upholstery


Accessories

भास्कर APPOINTMENT

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

क्रमांक: 181 **विज्ञापन** दिनांक : 04.11.2026

महाराजा गंगा सिंह सतत् शोधपीठ के अन्तर्गत "महाराजा गंगा सिंह जीवन वृत्त एक सम्पूर्ण साहित्य" परियोजना हेतु रिसर्च एसोसिएट (प्रथम)-एक पद, रिसर्च एसोसिएट (द्वितीय)-दो पद एवं रिसर्च असिस्टेंट-दो पद पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन दिनांक 18-11-2026 तक आमंत्रित किये जाते है। उक्त पदों पर सेवाएं एक वर्ष अथवा परियोजना अवधि पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो, के लिए पूर्णतः अस्थाई रूप से ली जावेगी। विस्तृत विवरण एवं आवेदन पत्र की प्रति विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mgsubikaner.ac.in पर उपलब्ध है।

निदेशक
महाराजा गंगा सिंह सतत् शोधपीठ

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
.....भरोसे का प्रतीक ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

एआरएमबी : दक्षिण दिल्ली,
चतुर्थ तल, 7 पीएनबी हाउस, भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली–110066
फोन– 011-47519273 ईमेल: cs4168@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस,
आम जनता को को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जिनका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, की बिक्री नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को **"जहाँ है जैसा है", "जो है जैसा है"**, तथा **"जो कुछ भी वहाँ है"** के आधार पर संबंधित उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) से बैंक/सुरक्षित लेनदार के बकाये की वसूली के लिए की जाएगी। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि (ईएमडी) संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में दर्शानुसार होगी।

प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री की अनुसूची

क्र. सं.	शाखा का नाम: / खाते का नाम: / उधारकर्ता/गारंटर/खाते का नाम और पताः	बंधक रखी गई अचल संपत्ति का विवरण/मालिक का नाम (संपत्तियों का बंधककर्ता)	(A) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना की तिथि (B) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि (C) सरफैसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत कब्जा की तिथि (D) कब्जा की स्थिति सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक	(A) आरक्षित मूल्य (करोड़ में) (B) ईएमडी (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि) (C) बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तिथि एवं समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात एन्कम्ब्रेन्स का विवरण	प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं नं.
1.	बीओः नई दिल्ली – ए ब्लॉक, कनॉट प्लेस (017910) मैसर्स श्री कालका देवी एजुकेशन ट्रस्ट, खाता संख्याः 10489011000242 पताः कीस्टोन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, ग्राम– पिलोड (सूरजगढ़), लोहार्, चिड़ावा–झुंझुनू स्टेट हाईये, जिला– झुंझुनू, राजस्थान।	"कीस्टोन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स" में स्थित भूमि एवं भवन का साम्यिक बंधक, जो खसरा संख्या 34/3, 34/4, 35, 36, 37, 40/1, 40/2 में स्थित, कुल क्षेत्रफल 5.05 हेक्टेयर (12.48 एकड़) गांव पिलोड, जिला झुंझुनू, राजस्थान में स्थित है, जो मैसर्स श्री कालका देवी एजुकेशन ट्रस्ट के नाम पर है।	A) 08.09.2017 B) रु. 16,26,75,269.02 C) 29.08.2019 D) सांकेतिक	A) रू. 27.21 करोड़ B) रू. 2.72 करोड़ C) रू. 5.00 लाख	26.11.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपरा. 04.00 बजे	संपत्ति की बिक्री पर कोई एस.ए. लंबित नहीं है / कोई स्थगन आदेश लागू नहीं है। आईपी के मूल दस्तावेज बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कनॉट प्लेस के पास सुरक्षित हैं।	श्री. सुनील कुमार दास 9437322902

ई–नीलामी बिक्री के संक्षिप्त नियम एवं शर्तें : बिक्री, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में वर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। 1. नीलामी बिक्री "ई–नीलामी" पोर्टल **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाइन होगी। (2) ई–नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म (**https://baanknet.com**) ई–नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय यूनिट 1, तीसरी मंजिल, VIOS कमर्शियल टॉवर, वडाला ट्रक टर्मिनल के पास, वडाला ईस्ट मुंबई–400037 (हेल्पडेस्क नं. 91 8291220220, ईमेल आईडीः **support.ebkray@psballiance.com**) द्वारा प्रदान किया जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को ई–नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://baanknet.com** पर ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना आवश्यक है। यह सेवा प्रदाता पोर्टल पर ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रदर्शन/प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। (3) बिक्री की सामान्य शर्तों और नियमों से युक्त बिक्री नोटिस निम्नलिखित वेबसाइटों/वेब पेज पोर्टल **(1) https://baanknet.com (2) www.pnbindia.in** पर उपलब्ध/प्रकाशित है। (4) सफल बोलीदाता द्वारा बैंक को बिक्री प्रतिफल का भुगतान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194–1ए के अंतर्गत टीडीएस के अधीन होगा तथा सफल बोलीदाता द्वारा बोली राशि का शेष **75%** जमा करने/बोली राशि की पूर्ण जमा करने के समय ही टीडीएस का भुगतान किया जाना है। (5) संपत्तियों को "जहां है जैसी है" और "जो है जैसी है" तथा "जो भी है जैसी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। (6) उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। (7) सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के तहत नोटिस, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ सभी मामलों में जारी किया गया है (8) बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com & www.pnbindia.in** देखें।

दिनांक : **03.11.2026**, स्थान : नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक